एलडीए वीसी ने योजना के लिए चिह्नित गांवों का निरीक्षण किया

# वरुण विहार में 300 एकड़ में बनेगा लॉजिस्टिक पार्क

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

एलडीए की वरुण विहार योजना में करीब 15 हजार प्लॉट काटे जाएंगे। इसके साथ 300 में लॉजिस्टिक पार्क भी विकसित किया जाएगा। आगरा एक्सप्रेस-वे और आउटर रिंग से सीधे कनेक्ट होने वाली इस योजना में लॉजिस्टिक पार्क बनने से बड़ी आबादी को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने बुधवार को योजना के लिए चिह्नित इलाकों का निरीक्षण कर भूमि अधिग्रहण में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके साथ दोना गांव में बने साइट ऑफिस में किसानों से मिलकर उन्हें योजना से होने वाले फायदे भी गिनाए। आगरा एक्सप्रेस-वे के पास 5610 एकड़ में वरुण विहार योजना बनाने के लिए एलडीए ने भलिया, आदमपुर इंदवारा, बहरू, जलियामऊ, मदारपुर, इब्राहिमगंज, नकटौरा, गहलवारा, तेजकृष्ण खेड़ा, रेवरी, सकरा और दोना गांव में जमीन चिह्नित की है। एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने बताया कि योजना में कुल 25 सेक्टर होंगे। पूरी योजना में ग्रिड पैटर्न पर सड़कें बनाकर भूमिगत केबल बिछाई जाएगी। 800 एकड़ में ग्रीन बेल्ट, पार्क और वॉटर बॉडी विकसित की जाएगी। इसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर का एक गोल्फ कोर्स और सेंट्रल पार्क भी होगा। इसके साथ लोगों की सुविधा के लिए इंटर स्टेट बस टर्मिनल (आईएसबीटी) भी बनाया जाएगा।



एलडीए वीसी ने अनतनगर योजना में हो रहे विकास कार्यों का जायजा लिया।

## अनंतनगर से कानपुर रोड तक चौड़ी होगी सड़क

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: कानपुर रोड से अनंत नगर योजना को जोड़ने वाली सड़क चौड़ी की जाएगी। एलडीए वीसी ने बुधवार को योजना के निरीक्षण के बाद बताया कि करीब 35 करोड़ रुपये की लागत से चौड़ीकरण के साथ डिवाइडर, आरसीसी ड्रेन और ट्रेंच का भी निर्माण करवाया जाएगा। इसके साथ योजना के सेक्टर-6 में 220 केवीए का सब-स्टेशन बनेगा।

**₹35** करोड़ खर्च होंगे, 9.89 करोड़ में बनेगा उपकेंद्र

एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने बताया कि नादरगंज में भारी वाहनों का लोड रहता है। इससे सड़क पर गड्ढे हो जाते हैं। ज्यादा जलभराव वाले हिस्सों में आरसीसी रोड बनेगी। कानपुर रोड से नादरगंज इंडस्ट्रियल एरिया तक 24 मीटर चौड़ी सड़क बनाई जाएगी। इसके बाद नादरगंज मोड़ से अमौसी पुल और किसान पथ से समदा चौकी तक 18 मीटर चौड़ी सड़क बनेगी।

## दिवाली तक खुलेगा प्रसून विहार का रजिस्ट्रेशन

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: एलडीए देवपुर पारा की प्रसून विहार योजना में 1832 फ्लैटों का निर्माण करवा रहा है। इन फ्लैटों का रजिस्ट्रेशन दिवाली तक खोलने की तैयारी है। यहां वन बीएचके और टू बीएचके फ्लैट एफोर्डेबल हाउसिंग के तौर पर बेचे जाएंगे। इनका रेट धनतेरस तक फाइनल किया जाएगा। वन बीएचके की कीमत 9 से 12 लाख तो टू बीएचके की कीमत 15 से 20 लाख रुपये के बीच हो सकती है।

## गड्ढामुक्त होगी शहीद पथ की सर्विस लेन

### PWD को मिले 41 करोड़, बारिश थमते ही शुरू होगा काम

■ वीर सिंह यादव, लखनऊ

कानपुर रोड से अयोध्या रोड को जोड़ने वाले शहीद पथ की दोनों ओर की सर्विस लेन जल्द गड्ढामुक्त होगी। इस रूट पर बने 13 अंडरपास के नीचे सड़क भी बनाई जाएगी। इसके लिए पीडब्ल्यूडी को 41 करोड़ रुपये का बजट मिला है। पीडब्ल्यूडी इंजिनियरों के मुताबिक, इसकी टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बारिश थमते ही काम शुरू करवा दिया जाएगा।

एनएचएआई ने 23 किलोमीटर लंबे शहीद पथ की देखरेख का जिम्मा बीते साल अगस्त में पीडब्ल्यूडी को हैंडओवर किया था। बारिश और अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त शहीद पथ पर पैचिंग और मरम्मत जारी है। अब दोनों ओर करीब 35 किमी लंबी सर्विस लेन की भी मरम्मत की तैयारी है। योजना से जुड़े इंजिनियरों के मुताबिक, मेदांता और नीलमथा समेत कई जगह सर्विस लेन की चौड़ाई भी बराबर की जाएगी। इसके साथ 13 अंडरपास के नीचे नए सिरे से सड़क बनेगी। पीडब्ल्यूडी टीम ने सर्वे के बाद इसका प्रस्ताव तकनीकी विभाग को भेजा था। इसके बाद मरम्मत के लिए 41 करोड़ रुपये मंजूर हुए हैं।

> **शहीद पथ की सर्विस लेन पर दोनों ओर नई लेयर बिछाई जाएगी। एनएचआई से हैंडओवर होने के बाद पीडब्ल्यूडी पहली बार इसकी मरम्मत करवाएगा। बारिश थमते ही काम शुरू कर दिया जाएगा।**
>
> *-सतेंद्र एन सिंह, एक्सईएन, पीडब्ल्यूडी*

## सरोजनीनगर में बिछेगी सीवर लाइन, एसटीपी भी बनेगा

■ NBT न्यूज, लखनऊ: सरोजनीनगर में अमृत योजना-2.0 के तहत 22 एमएलडी का एसटीपी बनेगा। इसके साथ सरोजनीनगर प्रथम और द्वितीय वॉर्ड में 12 से 16 किमी लंबी नई सीवर लाइन बिछाई जाएगी। इससे करीब एक हजार घरों को सीवर कनेक्शन मिलेगा। जल निगम ने इसकी सर्वे रिपोर्ट तकनीकी टीम को भेज दी है। जल निगम निर्माण खंड-3 के एक्सईएन सैयद अतहर कादरी ने बताया कि फाइनल डीपीआर के लिए रिपोर्ट विभाग की तकनीकी टीम को भेजी गई है। विशेषज्ञों के निर्देश पर जरूरी संशोधन के बाद इसे आगे भेजा जाएगा।

अमृत योजना-2.0 के तहत होगा काम, सर्वे रिपोर्ट तैयार